**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1831**
**दिनांक 11 दिसम्बर, 2024/ 20 अग्रहायण, 1946 (शक) को उत्तर के लिए**

**असम में सीमावर्ती क्षेत्र विकास कार्यक्रम**

**1831 श्री रवंगवरा नारजारी:**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) सीमावर्ती क्षेत्र विकास कार्यक्रम (बीएडीपी) के अंतर्गत भूटान के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा के विकास के लिए असम राज्य सरकार से वर्ष 2022, 2023 और 2024 के लिए कौन-कौन से वार्षिक परियोजना प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;**
**(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान बीएडीपी के अंतर्गत असम सरकार को कितनी धनराशि आवंटित/जारी की गई है;**
**(ग) क्या बीएडीपी के माध्यम से रोजगार के अवसरों को बढ़ाकर और आय के वैकल्पिक साधन सृजित करके सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों में सुरक्षा की भावना उत्पन्न करने में सफलता मिली है;**
**(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**
**(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री नित्यानंद राय)**

(क) से (ङ) तक: वित्त वर्ष 2021-22 के उपरांत राज्य सरकारों/ संघ शासित राज्यों से बीएडीपी के अंतर्गत कार्य प्रस्ताव नहीं मांगे गए हैं। हालाँकि, विगत में अनुमोदित कार्यों के संपादन हेतु कुल रु. 11.34 करोड़ का केन्द्रांश असम सरकार को वित्त वर्ष 2021-22 और उसके उपरांत जारी किया गया है।

असम राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार बहुत सारे कार्य यथा, सड़क और पुल, स्वच्छ पेय जल सुविधा, मार्केट शेड, स्वच्छता सम्बन्धी परियोजनाओं, कृषि और कृषि सम्बद्ध परियोजनाओं, शिक्षा क्षेत्र परियोजनाओं का निर्माण, भारत-भूटान सीमा सहित, बीएडीपी के अंतर्गत आने वाले वासस्थानों में किया गया है, जिसके कारण रोजगार के अवसरों और आय हेतु वैकल्पिक साधनों का सृजन संभव हुआ है।

******